छत्तीसगढ़ की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के आयकर रिटर्न्स (आय एवं व्यय) का विश्लेषण

- एक अखिल भारतीय रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच

एवं

एसोशिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

की रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच
395 बैजनाथ पारा
रायपुर - 492001
Email: electionwatch.cg@gmail.com

एसोशिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
"कीवानीस सेंटर", चौथा माला,
बी-35, कुतुब इंस्टीट्यूश्नल एरिया, नई दिल्ली-110016
Email: adr@adrindia.org

छत्तीसगढ़ की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के आयकर रिटर्न्स (आय एवं व्यय) का विश्लेषण - एक अखिल भारतीय रिपोर्ट

कार्यकारी सारांश

- **<u>राजनीतिक पार्टियों की कुल आय</u>:**
    - राजनीतिक पार्टियों की कुल आय की गणना इन पार्टियों को पूरे भारत के विभिन्न स्त्रोतों से हुई आमदनी से की गई है जो उनके द्वारा दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में दिखाई है.
    - राष्ट्रीय पार्टियों में कांग्रेस ने सबसे अधिक आय दिखाई है. 7 वित्त वर्षों (वित्त वर्ष 2004-05 से 2010-11 के बीच) इसकी कुल आय रु. 2,00,871.74 लाख है.
    - वित्त वर्ष 2004-05 से 2010-11 के बीच भाजपा की कुल आय रु. 99,476.67 लाख है और बसपा की रु. 48,428.51 लाख है.
- **<u>आमदनी के स्त्रोत</u>:**
    - कांग्रेस ने कूपन की बिक्री से अधिकतम आय (रु. 1,55,377.18 लाख) घोषित की है जो कि वित्त वर्षों 2004-2005 और 2010-2011 के बीच पार्टी की कुल आय का 77.35 प्रतिशत है.
    - छत्तीसगढ़ की पार्टियों के लिए चंदे/योगदान उनकी आय के तीन मुख्य स्त्रोतों में से एक है, कांग्रेस - रु. 27,250.48 लाख, भाजपा - रु. 82,000.50 लाख, बसपा - रु. 30,731.
    - आय में स्वैच्छिक योगदान की हिस्सेदारी कांग्रेस के लिए 13.57 प्रतिशत है, भाजपा की 82.43 प्रतिशत है और बसपा की 70.10 प्रतिशत है.
- **<u>व्यय के मद</u>:**
    - कांग्रेस का सबसे अधिक व्यय चुनाव के खर्चों (रु. 92,506.40 लाख) में हुआ है और इसके बाद अन्य व्ययों के सहायक खर्चे (रु. 17,116.47 लाख) एवं यात्रा व्यय (रु. 10,749.25 लाख) रहे हैं.
    - भाजपा का अधिकतम व्यय प्रचार एवं प्रसार (रु. 35,720.64 लाख) में हुआ है और यात्रा व्यय (रु. 18,869.46 लाख) एवं बैठक (रु. 10,456.60 लाख) उसके बाद रहे हैं.

छत्तीसगढ़ की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के आयकर रिटर्न्स (आय एवं व्यय) का विश्लेषण - एक अखिल भारतीय रिपोर्ट

वित्तीय पारदर्शिता का महत्व

राजनीतिक पार्टियां जनता और सरकार के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करती हैं अतः ये समझा जाता है कि इन पार्टियों को समग्र रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए. राजनीतिक पार्टियों लोकतंत्र के प्रमुख हिस्सेदार हैं और वे ऐसी गतिविधियां करना चाहती हैं जो आम जनता के हित में हो. भारतीय निर्वाचन आयोग के पास उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर, भारत में 6 राष्ट्रीय पार्टियां और 46 मान्यता प्राप्त राज्य पार्टियां हैं. इसके अतिरिक्त, भारत में 1392 गैर-मान्यता प्राप्त लेकिन पंजीकृत पार्टियां हैं.

राजनीतिक पार्टियों के पास धन प्राप्त करने के विभिन्न स्त्रोत होते हैं और इसीलिए पारदर्शिता और जवाबदेही और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं. यह आवश्यक है कि विस्तृत और पारदर्शी लेखा पद्यतियां और प्रणाली हों जो कि पार्टियों की सही वित्तीय स्तिथि प्रकट करे.

केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश क्रं. CIC/AT/A/2007/01029 & 1263-1270, सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों (आयकर विभाग), जो कि राजनीतिक पार्टियों के आयकर रिटर्न्स धारण करते हैं, को निर्देशित करता है कि इन रिटर्न्स को अंत में सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध कराए. एसोशिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के आयकर रिटर्न्स और कर मूल्यांकन आदेशों की प्रतियां आरटीआई आवेदन लगा कर प्राप्त की है.

छत्तीसगढ़ की मुख्य पार्टियों की कुल आय (वित्त वर्ष 2004-05 से वित्त वर्ष 2010-11)

- **राजनीतिक पार्टियों की कुल आय की गणना इन पार्टियों को पूरे भारत से विभिन्न स्त्रोतों से हुई आमदनी से की गई है और** जो उनके द्वारा दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में दिखाई है**.**

- छत्तीसगढ़ की मुख्य राजनीतिक पार्टियां कांग्रेस (आईएनसी), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) हैं.

- राष्ट्रीय पार्टियों में सबसे ज्यादा आय कांग्रेस ने दर्शायी है. इसकी 7 वित्त वर्षों में आय रु. 2,00,871.74 लाख रही.

- इसके बाद भाजपा जिसकी वित्त वर्ष 2004-05 और वित्त वर्ष 2010-11 के बीच कुल आय 99,476.67 लाख रही है और उसके बाद बसपा (रु. 48,428.51 लाख की आय) है.

Party	Total Income (Rs. In Lakhs)							Total (Rs. In Lakhs)
	FY- 2004-2005	FY- 2005-2006	FY- 2006-2007	FY- 2007-2008	FY- 2008-2009	FY- 2009-2010	FY- 2010-2011	
Indian National Congress (INC)	22,207	12,493	16,936	22,081	49,688	46,757.87	30,708.87	**2,00,871.74**
Bharatiya Janata Party (BJP)	10,412	3,834	8,249	12,378	22,002	25,800.75	16,800.92	**99,476.67**
Bahujan Samaj Party (BSP)	420.00	976.00	4,588.67	6,974.00	18,202.00	5,697.50	11,570.34	**48,428.51**

Table: Total Income declared by Major Parties of Chhattisgarh in their ITR from FYs 2004-2005 to 2010-2011 from all over India

छत्तीसगढ़ की मुख्य राजनीतिक पार्टियों की आय के 3 प्रमुख स्त्रोत, जैसा कि उनके आयकर रिटर्न्स (वित्त वर्ष 2004-05 से वित्त वर्ष 2010-11) में घोषित किया गया है.

- **राजनीतिक पार्टियों की कुल आय की गणना इन पार्टियों को पूरे भारत से विभिन्न स्त्रोतों से हुई आमदनी से की गई है और** जो उनके द्वारा दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में दिखाई है**.**

- कांग्रेस ने कूपन की बिक्री से अधिकतम आय (रु. 1,55,377.18 लाख) घोषित की है जो कि वित्त वर्षों 2004-2005 और 2010-2011 के बीच पार्टी की कुल आय का 77.35 प्रतिशत है.

- भाजपा ने वित्त वर्ष 2004-05 से 2010-11 के बीच स्वैच्छिक योगदान से अधिकतम आय (रु. 82,000.50 लाख) घोषित की है जो कि उसकी कुल आमदनी का 82.43% है.

- छत्तीसगढ़ की पार्टियों के लिए चंदे/योगदान उनकी आय के तीन मुख्य स्त्रोतों में से एक है, कांग्रेस - रु. 27,250.48 लाख, भाजपा - रु. 82,000.50 लाख, बसपा - रु. 30,731 लाख.

- आय में स्वैच्छिक योगदान की हिस्सेदारी कांग्रेस के लिए 13.57 प्रतिशत है, भाजपा की 82.43 प्रतिशत है और बसपा की 70.10 प्रतिशत है.

- एकत्रित ब्याज भी पार्टियों की आय के उच्चतम स्त्रोतों में से एक है: कांग्रेस रु. 10,473.33 लाख, भाजपा रु. 7,527.83 लाख और बसपा रु. 1,898.27 लाख.

- वित्त वर्ष 2006-07 के लिए बसपा के आयकर रिटर्न्स में आय के स्त्रोतों को अलग-अलग नहीं दर्शाया गया है इसीलिए वित्त वर्ष 2006-07 में हुई पार्टी की आय को पार्टी की कुल आय की गणना करते वक्त नहीं जोड़ा गया है.

Party	Total Income (Rs. In Lakhs)	FY 2004-05, 2005-06, 2006-07, 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2010-11 (combined)		% share of donations from total income
		Top 3 Sources of Income	Amount (Rs in Lakhs)	
Indian National Congress (INC)	**2,00,871.74**	Sale of coupons	1,55,377.18	77.35%
		Donations	27,250.48	13.57%
		Interest	10,473.33	5.21%
Bharatiya Janata Party (BJP)	**99,476.67**	Voluntary contributions	82,000.50	82.43%
		Interest	7,527.83	7.57%
		Aajwan Sahayog Nidhi	6,280.64	6.31%
Bahujan Samaj Party (BSP))- **FY-2006-07 ITR not available**	**43,839.84**	Contributions	30,731.00	70.10%
		Membership	9,233.80	21.06%
		Interest	1,898.27	4.33%

Table: Top 3 sources of income of Major Parties of Chhattisgarh as declared in their ITR from FYs 2004-2005 to 2010-2011

छत्तीसगढ़ की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के व्यय के 3 मुख्य मद, जैसा कि उनके आयकर रिटर्न्स में घोषित किया गया है (वित्त वर्ष 2004-05 से वित्त वर्ष 2010-11)

- **राजनीतिक पार्टियों की कुल आय की गणना इन पार्टियों को पूरे भारत से विभिन्न स्त्रोतों से हुई आमदनी से की गई है और** जो उनके द्वारा दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में दिखाई है**.**

- कांग्रेस का सबसे अधिक व्यय चुनाव के खर्चों (रु. 92,506.40 लाख) में हुआ है और इसके बाद अन्य व्ययों के सहायक खर्चे (रु. 17,116.47 लाख) एवं यात्रा व्यय (रु. 10,749.25 लाख) रहे हैं.

- भाजपा का अधिकतम व्यय प्रचार एवं प्रसार (रु. 35,720 लाख) में हुआ है और यात्रा व्यय (रु. 18,869.46 लाख) एवं बैठक (रु. 10,456.60 लाख) उसके बाद रहे हैं.

- बसपा का अधिकतम व्यय प्रचार खर्चों में हुआ है (रु. 2,855.03 लाख) जिसके बाद पर्यटन और यात्रा (रु. 833.03 लाख) और संगठनात्मक (रु. 610.15 लाख) खर्चे आते हैं.

- हिस्सेदारी अनुपात देखने से पता चलता है कि कांग्रेस ने चुनावी खर्चों पर 55.74 प्रतिशत व्यय किया है जबकि भाजपा ने 44.09 प्रतिशत प्रचार एवं प्रसार पर और बसपा ने 32.69 प्रतिशत व्यय प्रसार खर्चों पर किया है.

- वित्त वर्ष 2006-07 के लिए बसपा के आयकर रिटर्न्स में व्यय के स्त्रोतों को अलग-अलग नहीं दर्शाया गया है इसीलिए वित्त वर्ष 2006-07 में हुई पार्टी के व्यय को पार्टी के कुल व्यय की गणना करते वक्त नहीं जोड़ा गया है.

Party	Total Expenses (Rs in Lakhs)	FY 2004-05, 2005-06, 2006-07, 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2010-11 (combined)		% share of items of expenditure from total expenses
		Top 3 Items of Expenditure	Amount (Rs in Lakhs)	
Indian National Congress (INC)	**1,65,971.67**	Election Expenses	92,506.40	55.74%
		Aid to Other Expenses	17,116.47	10.31%
		Travelling & Lodging	10,749.25	6.48%
Bharatiya Janata Party (BJP)	**81,025.12**	Advertising & Publicity	35,720.64	44.09 %
		Travelling	18,889.46	23.31 %
		Meeting	10,456.60	12.91 %
Bahujan Samaj Party (BSP))- **FY-2006-07 ITR not available**	**8,732.72**	Publicity Expenses	2,855.03	32.69%
		Tours and Travels	833.03	9.54%
		Organisational	610.15	6.99%

Table: Top 3 items of expenditure of Major Parties of Chhattisgarh declared in their (ITR) from FYs 2004-2005 to 2010-2011

राजनीतिक पार्टियों के द्वारा वित्तीय विवरणों के खुलासा करने से संबंधित मुद्दे

संबंधित आयकर विभागों/मंडलों में आरटीआई आवेदन दाखिल कर राजनीतिक पार्टियों के आयकर रिटर्न्स प्राप्त करते वक्त कई ऐसे मामले एडीआर के सामने आए जहां भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त राज्य/क्षेत्रीय पार्टियों ने अपने आयकर रिटर्न्स दाखिल नहीं किए हैं.

राजनीतिक पार्टियों को कर चुकाने से छूट दी गई है, हालांकि उन्हें ये छूट प्राप्त करने के लिए अंकेक्षित खाते बनाए रखना और आयकर अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन करना होगा. कुछ क्षेत्रीय पार्टियों ने इस मामले में नियमित रूप से चूक की है. वे आयकर अधिनियम के प्रावधानों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन कर रहे हैं और अपने वार्षिक आयकर रिटर्न्स नहीं दाखिल कर रहे हैं, जो कि कानून द्वारा निर्धारित अनिवार्य प्रावधानों का उल्लंघन है. इनमें से कई पार्टियों अपने संबंधित राज्यों/क्षेत्रों की प्रमुख राजनीतिक पार्टियां हैं और उनकी वित्तीय स्थिति अज्ञात है.

वित्तीय जानकारी के प्रतिवेदन हेतु एक सख्त तंत्र की आवश्यकता

यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीतिक पार्टियों के द्वारा वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही रखी जा रही है, वित्तीय जानकारी के प्रतिवेदन से संबंधित एक सख्त तंत्र होना चाहिए. प्रकिया और सूचना ढांचे को मानकीकृत करना चाहिए जिससे यह सुनिश्चित हो कि राजनीतिक पार्टियों की वित्तीय स्थिति की सही तस्वीर आम जनता के सामने आ रही है. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुरोध पर कुछ अनुशंसाएं की हैं. ये अनुशंसाएं राजनीतिक पार्टियों के वित्तीय विवरणों के एक मानकीकृतऔर विस्तृत प्रतिवेदन तंत्र से संबंधित है. छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच **और एडीआर** **मानते** है कि इन अनुशंसाओं को जल्द से जल्द लागू करने की सख्त जरूरत है.

Contact Details:

Chhattisgarh Election Watch:

Mr.Gautam Bandyopadhyay,
Chhattisgarh Election Watch,
M: +91-98261-71304 /
+91-0771 2444-120
E: gautamraipur@gmail.com

Mr. Uma Prakash Ojha,
Chhattisgarh Election Watch,
M: +91-94252-10113
E: ojhaup@gmail.com

National Election Watch/Association for Democratic Reforms

Media and Journalist Helpline
+91 80103 94248
Email: adr@adrindia.org

Mr. Anil Bairwal,
National Election Watch, and Association for Democratic Reforms
011 4081 7601,
+91 9999310100
adr@adrIndia.org,
anil@adrIndia.org

Prof Jagdeep Chhokar
National Election Watch, Association for Democratic Reforms
+919999620944
jchhokar@gmail.com

Prof Trilochan Sastry
National Election Watch, Association for Democratic Reforms
+919448353285,
trilochans@iimb.ernet.in